षोडश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-28.11.2019 के लिए मा० अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री मो० तौसीफ आलम, स०वि०स० श्री सुदामा प्रसाद, स०वि०स० श्री मो० आफाक आलम, स०वि०स० श्री राजेश कुमार, स०वि०स० (क्षेत्र सं०-222) श्री मदन मोहन तिवारी, स०वि०स०	राज्य में पूर्व से चौकीदारों-दफादारों की सेवा जिलाधिकारी के अधीन थी, लेकिन बिहार चौकीदार संवर्ग नियमावली, 2019 की कंडिका (8) एवं (9) के तहत उनकी सेवा दिनांक-25.09.2019 से पुलिस अधीक्षकों के अधीन कर दी गयी है । गृह (आरक्षी) विभाग के पत्रांक-9843, दिनांक-19.12.2017 के विपरीत पुलिस अधीक्षक उनसे ड्यूटी ले रहे हैं । पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकीदारों को विभिन्न थानों से बुलाकर जिला मुख्यालय में ड्यूटी ली जा रही है । अतएव बिहार चौकीदार संवर्ग नियमावली, 2019 की कंडिका (8) एवं (9) को विलोपित कर चौकीदारों-दफादारों की सेवा पुनः जिलाधिकारी के अधीन रखने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	गृह

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, स०वि०स० श्री मिथिलेश तिवारी, स०वि०स० श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव, स०वि०स० श्री सुधांशु शेखर, स०वि०स० श्री जितेंद्र कुमार, स०वि०स० श्री शशि भूषण हजारी, स०वि०स० श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अशोक कुमार सिंह, स०वि०स० (क्षेत्र सं०-203) श्री विद्या सागर सिंह निषाद, स०वि०स० श्री सत्यनारायण सिंह, स०वि०स० श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स० श्री विनोद प्रसाद यादव, स०वि०स० श्री रणविजय सिंह, स०वि०स० श्री राम विशुन सिंह, स०वि०स० श्री मेवालाल चौधरी, स०वि०स० श्री राघव शरण पाण्डेय, स०वि०स०	राज्य में सहकारिता विभाग के पैक्सों का चुनाव हो रहा है । चुनाव के बाद इस विभाग में कार्य की अधिकता हो जाएगी । राज्य में सभी प्रकार के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएँ अपने कार्यों को सुगम एवं पारदर्शी बनाने हेतु अपने संस्थानों को कम्प्यूटरीकृत कर दिया है, लेकिन अभी तक पैक्स में कम्प्यूटरीकरण की व्यवस्था नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहा है । अतः पैक्स के कार्यों को सुगम तथा पारदर्शी बनाने के लिये राज्य के सभी पैक्सों को कम्प्यूटरीकृत करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।	सहकारिता

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-32/19- 420 / वि०स०, पटना, दिनांक- 27 नवम्बर, 2019 ई० ।

प्रतिः- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्य मंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / गृह विभाग तथा सहकारिता विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27/11/19
(पाण्डव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-32/19- 420 / वि०स०, पटना, दिनांक- 27 नवम्बर, 2019 ई० ।

प्रतिः- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

27/11/19
(पाण्डव कुमार सिंह)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

27.11.19